अभ्यास-कार्य

बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)

1. सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाइए-

(क) वाच्य के भेद हैं-

तीन ◯ चार ◯ पाँच ◯

(ख) क्रिया का प्रधान विषय कर्ता होता है-

कर्मवाच्य में ◯ कर्तृवाच्य में ◯ भाववाच्य में ◯

(ग) कर्मवाच्य में क्रिया का प्रधान विषय होता है-

कर्म ◯ कर्ता ◯ भाव ◯

(घ) भाववाच्यों में क्रिया होती है-

सकर्मक ◯ अकर्मक ◯ द्विकर्मक ◯

OPPO F15 · ©Shot By S.K.R

सही वाक्यों के सामने सही (✓) तथा गलत वाक्यों के सामने गलत (×) का निशान लगाइए-

(क) क्रिया के पाँच भेद होते हैं। ☐

(ख) कर्तृवाच्य में क्रिया का रूप कर्ता के अनुसार होता है। ☐

(ग) कर्मवाच्य के वाक्य नकारात्मक और सकारात्मक दोनों होते हैं। ☐

(घ) भाववाच्य में क्रिया का प्रधान विषय भाव होता है। ☐

(ङ) कर्मवाच्य केवल अकर्मक क्रिया से ही बनते हैं। ☐

उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए-

कर्मवाच्य   असमर्थता   वाच्य   प्रधान   क्रिया

(क) ____________ के तीन भेद होते हैं।

(ख) कर्तृवाच्य में ____________ का प्रधान विषय कर्ता होता है।

(ग) जब वाक्य में क्रिया का रूप कर्म के अनुसार हो, तो उसे ____________ कहते हैं।

(घ) भाववाच्य में क्रिया का ____________ विषय भाव होता है।

(ङ) भाववाच्य प्रायः ____________ प्रकट करते हैं।

4. **निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिए-**

(क) संजीव अमरूद खाता है। ____________

(ख) बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं। ____________

(ग) विनय शरबत पीता है। ____________

(घ) अनामिका पत्र लिखती है। ____________

(ङ) रचना ने कपड़े साफ किए। ____________

5. **निम्नलिखित वाक्यों को कर्तृवाच्य में बदलिए-**

(क) नानी जी से चला नहीं जाता। ____________

(ख) अमरीश से पुस्तक पढ़ी नहीं जाती है। ____________

(ग) प्रेरणा से फुटबॉल खेली जाती है। ____________

(घ) मुझसे पतंग उड़ाई नहीं जाती है। ____________

मौखिक प्रश्न

6. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए-**

(क) वाच्य के भेदों के नाम बताइए।

(ख) कर्तृवाच्य किसे कहते हैं?

(ग) कर्मवाच्य के दो उदाहरण दीजिए।

(घ) भाववाच्य के दो उदाहरण दीजिए।

OPPO F15 · ©Shot By S.K.R
21/01/19 23:40